रजिस्ट्री सं० डी०(डी०)-73

REGISTERED No. D.(D.)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 6, 1980/अग्रहायण 15, 1902

No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 6, 1980/AGRAHAYANA 15, 1902

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

उप-राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, 1 नवम्बर, 1980

का० आ० 3331—भारत के उप-राष्ट्रपति, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के कुलाधिपति की हैसियत से पंजाब विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा-13 की उप-धारा (1)(जे) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित व्यक्तियों को 1/11/1980 से 1 मास की अवधि के लिए साधारण पार्षद मनोनीत करते है —

1 प्रो० एम० आर० वर्मा,
8-ए, देशमेश नगर, पुलिस लाइन्स के पीछे, पटियाला

2. प्रो० गुरबचन सिंह तालिब,
80-बी, माडल टाउन, पटियाला

3 डा० रविकान्त शर्मा, एम० एड०, पी० एच० डी,०
जी० डी० सीनियर माडल स्कूल फार ब्वाईज एण्ड गर्ल्स, अबोहर

4 एस० मुबारक सिंह,
44, माडल टाउन, अमृतसर

5 श्रीमती सुरिन्द्र चानना,
द्वारा, डा० चरनजीत चानना (यूनियन मिनिस्टर आफ स्टेट फार इन्डस्ट्री),
नई दिल्ली

6. मिस्टर जस्टिस एम० आर० सोंधी,
भू० पू० जज, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट,
34, सेक्टर-4,
चंडीगढ़

7. डा० गुरदयाल सिंह ढिल्लो,
हाईकमीशनर, भारत सरकार,
ओटावा (कनाडा)

8 प्रो० अब्दुल मजीद खां,
मंझोली (शिमला)

9. डा० श्रीमती साजदा अमद,
1275, बल्लीमारान,
दिल्ली-110006

10 एस० सूजन सिंह,
1310, सेक्टर-19,
चंडीगढ़

11. प्रिन्सिपल आर० एस० बावा,
गवर्नमेन्ट कालेज,
होशियारपुर

12 मि० जस्टिस बी० आर० तुली,
भू० पू० जज, पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट,
111, सेक्टर-9,
चंडीगढ़

13. प्रिन्सिपल त्रिलोकी नाथ,
डारेक्टर, भारतीय विद्याभवन, चंडीगढ़ केन्द्र,
चंडीगढ़

14 श्री आर० एस० चितकारा,
(रिटायर्ड डारेक्टर, यूनिवर्सिटी एजूकेशन मिनिस्ट्री, आफ एजूकेशन एण्ड सोशल वेल्फेयर),

बी-2/59 सफदरजंग इन्क्लेव
नई दिल्ली

15 श्री जगन नाथ कौशल,
मेम्बर पार्लियामेन्ट,
221 सेक्टर-9,
चंडीगढ़

16 श्रीमती गुरबिन्दर कौर बरार, एम० पी०,
64 लोदी एस्टेट
नई दिल्ली

17 श्री सुधाकर पाण्डेय,
गोला दीना नाथ
वाराणसी (उ० प्र०)

18 प्रो० ए० के० शर्मा,
रिजिनल कालेज आफ एजूकेशन,
मैसूर

19 प्रो० बी० बी० लाल
डारेक्टर, इन्स्टीट्यूट आफ एडवान्स स्टडी,
राष्ट्रपति निवास,
शिमला

20 प्रो० एम० आर० चौधरी
रीडर इन माडर्न अरैबिक डिपार्टमेन्ट आफ अरैबिक,
दिल्ली यूनिवर्सिटी,
दिल्ली

21 प्रिन्सिपल जसवन्त कौर
गवरनमेन्ट कालेज फार वीमेन,
चंडीगढ़

22 डा० एल० आर० गोबो,
प्रिन्सिपल, क्रिश्चियन मेडिकल कालेज,
लुधियाना

23 डा० मिस एस० श्रीवास्तव,
प्रिंसिपल देव समाज कालेज आफ एजूकेशन फार वीमेन
फिरोजपुर सीटि।

24 डा० मिस राम राजपूत
लेक्चरार इन पोलिटिकल साइन्स पंजाब यूनिवर्सिटी,
चंडीगढ़

25 डा० रमेश कपूर
रीडर इन केमिस्ट्री,
डिपार्टमेन्ट आफ कैमिस्ट्री, पंजाब यूनिवर्सिटी
चंडीगढ़

26 प्रो० बी० घोष
डिपार्टमेन्ट आफ कैमिकल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालाजी
पंजाब यूनिवर्सिटी
चंडीगढ़

27 प्रो० जी० पी० शर्मा
505 सेक्टर-36
चंडीगढ़

28 प्रो० वी० एस० डिसोजा,
डिपार्टमेन्ट आफ सोशियालाजी,
पंजाब यूनिवर्सिटी,
चंडीगढ़

29 प्रो० टी० एन० कपूर,
डिपार्टमेन्ट आफ कामर्स एण्ड बिजनेस मैनेजमेन्ट
पंजाब यूनिवर्सिटी,
चंडीगढ़

30 प्रो० गुरदेव सिंह गोसाल
डिपार्टमेन्ट आफ जियाग्राफी,
पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़

31 [illegible]
पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़

32 डीन आफ स्टूडेंट्स वेल्फेयर,
पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़

33 आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद
विद्या निकेतन, खरार,
नजदीक चंडीगढ़

34 मि० जस्टिस वी० एस० देशपाण्डे,
2, डुप्लेक्स लेन,
नई दिल्ली।

[सं० 10-वी० पी०/डी० एस०)]

अमर नाथ भार्गव, भारत के उप-राष्ट्रपति एवं पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के सचिव

VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 1st November, 1980

S.O. 3331.—The Vice-President of India, in his capacity as Chancellor of the Punjab University, Chandigarh, in exercise of his powers under sub-section 1(j) of Sec. 13 of the Panjab University Act, is pleased to nominate the following persons as Ordinary Fellows of the Punjab University for the term commencing November 1, 1980, for a period of four years —

1 Professor M. R. Verma, 8A, Deshmesh Nagar, behind Police Lines, Patiala

2 Professor Gurbachan Singh Talib, 80-B, Model Town, Patiala

3 Dr. Ravi Kant Sharma, M.Ed., Ph. D., G.O. Senior Model School for boys and Girls, Abohar.

4 S. Mubarak Singh, 44, Model Town, Amritsar

5 Mrs Surinder Chanana, C/o Dr. Charanjit Chanana, Union Minister of State for Industry, New Delhi

6 Mr Justice H. R. Sodhi, Former Judge, Punjab and Haryana High Court, 34, Sector 4, Chandigarh

7 Dr Gurdial Singh Dhillon High Commissioner, Government of India, Ottawa (Canada)

8 Professor Abdul Majid Khan, Sanjauli (Simla)

9 Dr Mrs Majida Asad, 1275, Ballimaran, Delhi-6

10 S. Sujan Singh, 1310, Sector 19, Chandigarh

11 Principal R. S. Bawa, Government College, Hoshiarpur

12 Mr Justice B. R. Tuli, Former Judge, Punjab and Haryana High Court 111, Sector 9, Chandigarh

13 Principal Triloki Nath, Director, Bharatiya Vidya Bhavan, Chandigarh Kendra, Chandigarh

14 Shri R. S. Chitkara, (Retired Director, University Education, Ministry of Education and Social Welfare), B-2/59, Safdarjung Enclave, New Delhi

15 Shri Jagan Nath Kaushal, Member Parliament, 221, Sector 9, Chandigarh

16 Shrimati Gurbinder Kaur Brar, Member Parliament, 64, Lodhi Estate, New Delhi.

17 Shri Sudhakar Pandey,
Gola Dina Nath, Varanasi (U.P.)

18 Professor A. K. Sharma,
Rgional College of Education,
Mysore

19 Professor B. B. Lal,
Director, Institute of Advanced Study,
Rastrapati Niwas, Simla

20. Professor S. R. Chowdhury,
Reader in Modern Arabic,
Department of Arabic, Delhi University.
Delhi.

21. Principal Jaswant Kaur,
Government College for Women,
Chandigarh.

22. Dr. I. H. Lobo,
Principal, Christian Medical College,
Ludhiana.

23. Dr. Miss S. Srivastava.
Principal, Dev Samaj College of Education for Women,
Ferozepur City.

24. Dr. Miss Pam Rajput.
Lacturer in Political Science,
Panjab University, Chandigarh.

25. Dr. Ramesh Kapoor,
Reader in Chemistry,
Department of Chemistry, Panjab University,
Chandigarh

26. Professor B. Ghosh.
Department of Chemical Engineering & Technology,
Panjab University, Chandigarh.

27. Professor G. P. Sharma,
505, Sector 36, Chandigarh.

28. Professor V. S. D'Souza,
Department of Sociology,
Panjab University, Chandigarh

29. Professor T. N. Kapoor,
Department of Commerce & Business Management,
Panjab University, Chandigarh.

30. Professor Gurdev Singh Gosal,
Department of Geography,
Panjab University, Chandigarh.

31. Dean of University Instruction,
Panjab University, Chandigarh

32. Dean of Student Welfare,
Panjab University, Chandigarh.

33. Acharya Prithvi Singh Azad,
Vidya Niketan, Kharar, near Chandigarh.

34. Mr. Justice V. S. Deshpandey,
2, Duplex Lane, New Delhi.

[No 10-VC/DS]
A. N. OBEROI, Secy.
to the Vice-President of India & Chancellor,
Panjab University, Chandigarh.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 15 नवम्बर, 1980

का० आ० 3332.—एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स ट्रिची स्टील रौलिंग मिल्स लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या 1288/76) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[सं० 16/32/80-एम3]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 15th November, 1980

S.O. 3332.—In pursuance of sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies & Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of Messrs Trichy Steel Rolling Mills Limited under the said Act (Certificate of Registration No. 1288/76).

[No. 16/32/80-M. III]

नई दिल्ली, 20 नवम्बर, 1980

का० आ० 3333.—एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स सायनामिड इंडिया लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 1227/75) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[सं० 16/28/80-एम-3]
सी० खुशाल दास निदेशक

New Delhi, the 20th November, 1980

S.O. 3333.—In pursuance of sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies & Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/s. Cyanamid India Limited under the said Act (Certificate of Registration No 1227/75.

[No. 16/28/80-M. III]
C. KHUSHALDAS, Director

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली 11 नवम्बर, 1980

का० आ० 3334.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उपनियम (4) के अनुसरण में गृह मंत्रालय के निम्नलिखित कार्यालय को जिस के कर्मचारी वृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है :—

1. आयुक्त अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जातियों का कार्यालय, रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली।

[संख्या 12017/1/80-हिन्दी]
अशोक कुमार वर्मा, उप सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 11th November, 1980

S.O. 3334.—In pursuance of Sub-rule (4) of Rule 10 of the Official Languages (Use for the Official purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notifies the following office of the Ministry of Home Affairs, the Staff whereof have acquired the working knowledge of Hindi :—

1. Office of the Commissioner for Scheduled Castes & Scheduled Tribes, Ramakrishna Puram, New Delhi.

[No. 12017/1/80-Hindi]
A. K. VARMA, Dy. Secy.

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 17 नवम्बर, 1980

का० आ० 3335.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, मुख्य न्यायिक मेजिस्ट्रेट, इर्नाकुलम के न्यायालय में मैसर्स निमस एक्सपोर्टस, कोचीन मेथा 3 अन्यों के विरुद्ध नियमित मामला संख्या 9/ई/77 मद्रास में अभियोजन का संचालन करने के लिए श्री एम० बी० रुप, अधिवक्ता, इर्नाकुलम को विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या 225/65/80-ए० वी० डी० (II)]

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 17th November, 1980

S.O. 3335.—In exercise of the powers conferred by sub-section (8) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri M. B. Kurup, Advocate, Ernakulam, as Special Public Prosecutor for conducting the prosecution of case No. RC. 9/E/77/Madras, against M/s. Nimas Exports, Cochin and 3 others in the Court of the Chief Judicial Magistrate, Ernakulam.

[No. 225/65-80-AVD-II]

का०आ० 3336.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उप धारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अहमदाबाद (ग्रामीण), नरोल के न्यायालय में मैसर्स वीरजी शिवदास एण्ड सन्स अमरेली (गुजरात) के विरुद्ध नियमित मामला संख्या 4/77/सी०आई०यू० (ई०) 1, नई दिल्ली में अभियोजन का संचालन करने के लिए श्री जी०पी० मोटवानी, अधिवक्ता, अहमदाबाद को विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या 225/67/80-ए० वी० डी० (II)]
टी०के० सुब्रमणियन, अवर सचिव

S.O. 3336.—In exercise of the powers conferred by sub-section (8) of Section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri G. P. Motwani, Advocate, Ahmedabad as Special Public Prosecutor for conducting the prosecution of Case No. RC. 4/77/CIU(E)-I, New Delhi against M/s. Virji Shivdas and Sons, Amreli (Gujarat) in the Court of the Chief Judicial Magistrate, Ahmedabad (Rural) Narol.

[No. 225/67/80-AVD-II]
T. K. SUBRAMANIAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 1980

आयकर

का० आ० 3337.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) का अनुसरण करते हुए तथा भारत सरकार के राजस्व विभाग की 3 अप्रैल, 1980 की अधिसूचना सं० 3232 (फा०सं० 404/113/क०व०अ०-रोहतक/79-आ०क०स०क०) का अधिलंघन करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री एस०पी० महाजन को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. यह अधिसूचना श्री एस०पी० महाजन द्वारा कर वसूली अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 3720 (फा०सं० 398/13/80-आ०क०स०क०)]
एच० वेंकटरामन, उप सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 3rd November, 1980

INCOME TAX

S.O. 3337.—In pursuance of sub-clause (iii) of Clause (44) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), and in supersession of Notification of the Government of India in the Department of Revenue No. 3232 (F. No. 404/113/TRO-Rohtak/79-ITCC) dated 3rd April, 1980, the Central Government hereby authorises Shri S. P. Mahajan being a gazetted Officer of the Central Government to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date Shri S. P. Mahajan takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 3720 (F. No. 398/13/80-ITCC)]
H. VENKATARAMAN, Dy. Secy.

(राजस्व विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 1980

स्टाम्प

का०आ० 3338—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उप धारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा गुजरात राज्य पथ परिवहन निगम को, बयासी हजार पाच सौ रुपये मात्र का वह समेकित स्टाम्प शुल्क अदा करने की अनुमति देती है, जो उक्त निगम द्वारा 1 करोड़ दस लाख रुपये के अंकित मूल्य वाले ऋण पत्रों के रूप में जारी किये जाने वाले बंध पत्रों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क के रूप में प्रभार्य है।

[सं० 21/80/स्टाम्प/फा०सं० 33/21/80 बि० क०]
जी० एस० मेहरा, अवर सचिव

(Department of Revenue)

ORDER

New Delhi, the 18th November, 1980

STAMPS

S.O. 3338.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of Section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby permits the Gujarat State Road Transport Corporation to pay consolidated stamp duty of eighty two thousand five hundred rupees only, chargeable on acount of the stamp duty on bonds in the form of debentures of the face value of One crore and ten lakhs of rupees to be issued by the said Corporation.

[No. 21/80-Stamps- F. No. 33/21/80-ST]
G. S. MEHRA, Under Secy.

आर्थिक कार्य विभाग

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 11 नवम्बर, 1980

का०आ० 3339.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिये प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उपनियम (4) के अनुसरण में निम्नलिखित वित्तीय संस्था को, जिसके कर्मचारी वृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है:—

"भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 15) के अधीन निर्गमित), बैंक आफ बड़ौदा बिल्डिंग, 16 संसद मार्ग, पोस्ट बाक्स संख्या 363 नई दिल्ली-110001।"

[संख्या ई०-11017/3/80—हिन्दी]
बलदेव सिंह, संयुक्त सचिव

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 11th November, 1980

S.O. 3339.—In pursuance of sub-rule 4 of rule 10 of the Official Language (Use for official purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notifies the following financial institution, the staff whereof have acquired the working knowledge of Hindi :—

Industrial Finance Corporation of India [Incorporated under the Industrial Finance Corporation Act, 1948 (XV of 1948)], Bank of Baroda Building, 16 Sansad Marg, New Delhi-110001.

[No. E-11017/3/80-Hindi]

BALDEV SINGH, Jt. Secy.

नई दिल्ली 15 नवम्बर, 1980

का० आ० 3340.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 15(1) के उपबन्ध वर्ष 1979 के लिए 5 प्रतिशत का लाभांश (कर मुक्त) घोषित करने के प्रयोजन के लिए पूर्वांचल बैंक लिमिटेड, गौहाटी पर लागू नहीं होंगे।

[संख्या 15/34/80-बी० ओ०-III]

New Delhi, the 15th November, 1980

S.O. 3340.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 15(1) of the said Act, shall not apply to the Purbanchal Bank Ltd., Gauhati, for declaration of dividend of 5 per cent for the year 1979 (subject to tax).

[No. 15/34/80-B.O. III]

का० आ० 3341.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है कि, उक्त अधिनियम की धारा 10ख की उपधारा (1) और (2) के उपबन्ध रत्नाकर बैंक लि०, कोल्हापुर पर 6 दिसम्बर, 1980 तक अथवा जब तक उक्त बैंक में पूर्वकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो जाती, इनमें से जो भी पहले हो, लागू नहीं होंगे।

[संख्या 15/35/80-बी०ओ०-III]

S.O. 3341.—In exercise of powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendations of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-sections (1) and (2) of Section 10B of the said Act, shall not apply to Ratnakar Bank Ltd., Kolhapur, upto 6th December 1980, or till the appointment of the next whole-time Chairman of that bank, whichever is earlier.

[No. 15/35/80-B. O. III]

का० आ० 3342.—जनसाधारण के सूचनार्थ एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि :—

(क) स्टेट बैंक आफ पटियाला की पालमपुर शाखा के प्रबन्धक श्री हरद्वारी लाल ने, जिनकी नियुक्ति भारतीय स्टेट बैंक (सहायक बैंक) अधिनियम, 1959 (1959 का 38) की धारा 38 की उपधारा (9) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार द्वारा हिमालय बैंक लिमिटेड के पुरातन कोष (ओल्ड फंड) के पदेन प्रबन्धक के तौर पर, इसके कार्यकलापों में एवं परिसम्पत्ति के वितरण आदि के परिसमापन के लिए की गई थी, पालमपुर कार्यालय से अपने स्थानान्तरण के फलस्वरूप, 10 जुलाई 1980 से उस पदभार को छोड़ दिया।

(ख) श्री वी०पी० साही ने, जिनकी नियुक्ति स्टेट बैंक आफ पटियाला की पालमपुर शाखा में श्री हरद्वारी लाल के उत्तरवर्ती के रूप में प्रबन्धक के पद पर की गई थी, हिमालय बैंक लि० के पुरातन कोष के पदेन प्रबन्धक का पद भार 10 जुलाई 1980 से संभाल लिया।

[संख्या 4/41/80-बी० ओ०-III]

एन० डी० बत्रा, अवर सचिव

S.O. 3342.—It is hereby notifies for the information of the general public that

(a) Shri Hardwari Lal, Manager of Palampur branch of the State Bank of Patiala, who was appointed by the Central Government in exercise of the powers conferred by sub-section (9) of Section 38 of the State Bank of India (Subsidiary banks) Act, 1959 (38 of 1959) as the Manager Ex. Officio of the Old Fund of the Himalaya Bank Ltd., for the purposes of winding up of its affairs and distributing its assets, ceased to hold that office with effect from 10th July, 1980 consequent on his transfer from Palampur.

(b) Shri V. P. Sahi, who was appointed as Manager of the Palampur branch of the State Bank of Patiala in succession to Shri Hardwari Lal, took charge of his office as the Manager, Ex-officio of the Old Fund of the Himalaya Bank Ltd., on the 10th July, 1980.

[No. 4/41/80-B.O.-III]

N. D. BATRA, Under Secy.

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 1980

का० आ० 3343.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा इस विभाग की दिनांक 23 जून, 1980 की एस संख्या अधिसूचना में किए गए संशोधन को निरस्त करती है। इसके परिणामस्वरूप, मयूराक्षी ग्रामीण बैंक, पश्चिम बंगाल राज्य के बीरभूम जिले की स्थानीय सीमाओं में कार्य करेगा।

[संख्या एफ० 2-7/79-आर० आर० बी०]

दिनेश चन्द्र, निदेशक

New Delhi, the 21st November, 1980

S.O. 3343.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby rescinds the amendment made vide this Department's notification of even number dated 23rd June, 1980. Consequently Mayurakshi Gramin Bank shall operate within the local limits of the district of Birbhum in the State of West Bengal.

[No. F. 2-7/79-RRB]

DINESH CHANDRA, Director.

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 1980

का० आ० 3344.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री शक्तिपद पाणिग्रही को वर्धमान ग्रामीण बैंक वर्धमान का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 25-11-1980 से प्रारम्भ होकर 24-11-1983 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान श्री शक्तिपद पाणिग्रही अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

[संख्या एफ० 1-24/80-आर० आर० बी०]

इन्द्राणी सेन, अवर सचिव

New Delhi, the 24th November, 1980

S.O. 3344.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri Saktipada Panigrahi as the Chairman of the Bardhaman Gramin Bank, Burdwan and specifies the period commencing on the 25th November, 1980 and ending with the 24th November, 1983 as the period for which the said Shri Saktipada Panigrahi shall hold office as such Chairman.

[No. F. 1-24/80-RRB]

INDRANI SEN, Under Secy.

(आयकर आयुक्त का कार्यालय विदर्भ)

नागपुर, 10 नवम्बर, 1980

का० आ० 3345.—चूंकि केन्द्रीय सरकार की राय में यह आवश्यक और उचित है कि तारीख 31-3-1980 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष की अवधि में कर के बकायादार निर्धारितियों, जिनके मामलों में एक लाख से अधिक रुपयों का भुगतान दो वर्ष या उससे अधिक समय से नहीं हुआ है, उनके नाम और पतों को लोक हित में प्रकाशित किया जाएगा ।

और चूंकि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 287 (1961 का 43) द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा ऐसी अन्य सभी शक्तियों द्वारा जिसके लिए उनको समर्थ किया गया हो, प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में केन्द्रीय सरकार अपने ता० 10 अगस्त, 1977 के आदेश फा० सं० 385/63-आयटी (बी) द्वारा आयकर आयुक्त को प्राधिकृत करती है और निदेश देती है कि ऐसे कर बकायादार चूक कर्ताओं के नाम और पतों को प्रकाशित करें ।

अतः मैं आयकर आयुक्त, विदर्भ, नागपुर अब एतद्द्वारा विदर्भ, प्रभार के वित्तांक 31-3-1980 तक के वित्तीय वर्ष 1979-80 के कर बकायादारों के नाम और पतों को प्रकाशित करता हूं ।

क्र० सं०	बकायादारों का नाम और पता	हैसियत	31-3-1980 को बकाया रही मांग
1	2	3	4
			रु०
1.	श्री बनवारी लाल लोहिया, कामठी	हि०अ० कु०	2,11,894
2.	मे० बिड़ी एण्ड अलाइड टोबैको प्राडेक्ट्स कं० (प्रा०) लिमिटेड, कामठी ।	कम्पनी	6,99,782
3.	मे० भारत माइनिंग एण्ड ट्रेडिंग कं० प्रा० लिमिटेड, विशाखापट्टनम् ।	कम्पनी	2,93,609
4.	श्री सूरमल अग्रवाल, तुमसर	व्यष्टि	5,36,889
5.	श्री चन्द्रकान्त मोर, तुमसर	व्यष्टि	8,46,288
6.	श्री चन्द्रकान्त मोर, तुमसर	हि०अ०कु०	12,26,445
7.	मे० सेन्ट्रल हिन्दुस्थान इटालियन ट्रेडिंग कं० (प्रा०) लि० नागपुर ।	कम्पनी	2,85,008
8.	श्री दुर्गाप्रसाद सराफ, तुमसर	व्यष्टि	5,20,212
9.	मे० डिलर्स एण्ड कं० प्रा० लि०, जयपुर ।	कम्पनी	5,16,407
10.	स्व० श्री फतेचन्द मोर द्वारा वि० उ० श्री रामनारायण मोर, तुमसर ।	व्यष्टि	21,71,022
11.	मे० गुप्ताघाट माईन्स, तुमसर	पं० फर्म	2,35,000
12.	श्री गुलाबदास रामविलास अग्रवाल, नागपुर	व्यष्टि	4,32,055
13.	श्री जी० व्ही० रानडे, नागपुर	व्यष्टि	1,69,515
14.	श्री हालिमभाई, द्वारा मे०के०एम०एम० हुसनजी ऐण्ड सन्स, नागपुर ।	व्यष्टि	1,57,090
15.	मे० जैपुरिया ब्रदर्स, तुमसर	पं० फर्म	20,0000
16.	मे० के०एम०एम० हुसनजी ऐण्ड सन्स, नागपुर	व्यष्टि	4,89,177
17.	मे० लोहिया ब्रदर्स, कामठी	पं० फर्म	9,87,953
18.	स्व० श्री नरसिंगदास मोर, द्वारा श्री चन्द्रकान्त मोर, तुमसर ।	व्यष्टि	25,75,,613
19.	श्री पी० बी० मुधड़ा, नागपुर	व्यष्टि	10,83,949
20.	मे० आर० आर० लोहिया सन्स, कामठी	अं० पी० फर्म	4,10,395
21.	श्री राधाकृष्णन लोहिया, कामठी	हि०अ०कु०	4,31,790
22.	मे० रामकृष्णन रामनाथ (हि०अ०कु०) कामठी	हि०अ०कु०	6,58,742
23.	श्री रमाकान्त लोहिया, कामठी	हि०अ०कु०	2,04,960
24.	श्री रामचन्द्र मोटर ट्रान्सपोर्ट कं० प्रा० लि० अमरावती ।	कम्पनी	3,46,057
25	मे० रामविलास मुरलीधर एण्ड बलराम लोखुराम,तुमसर	पं० फर्म	127,357
26.	मे० आर० एस० गोपिकिसन अग्रवाल (शीपर्स) कं० प्रा० लि०, तुमसर ।	कम्पनी	15,17,549
27.	श्री रामकुमार रामगोपाल बोहरा द्वारा मे० आर० बी० श्रीराम एण्ड कं० तुमसर ।	व्यष्टि	2,41,659
28.	मे०रामविलास गुलाबदास, तुमसर	हि०अ०कु०	31,22,123
29.	मे० आर०बी० श्रीराम रिलिजियस ट्रस्ट एंड चेरिटेबल ट्रस्ट, तुमसर।	ट्रस्ट	2,05,167
30.	मे० आर० बी० श्रीराम दुर्गाप्रसाद प्रा० लि०, तुमसर ।	कम्पनी	2,34,29,049
31.	मे० रामकृष्ण रामनाथ (बीडी (प्रा०) लि०, कामठी ।	कम्पनी	5,46,292
32.	मे० रामेश्वरदास रामदास, जयपुर	व्यष्टि	18,13,242
33.	श्री रामनारायण मोर, तुमसर	हि०अ०कु०	21,37,405
34.	मे० आर० आर० अग्रवाल (प्रा० लि०) नागपुर ।	कम्पनी	1,23,228
35.	मे० रामकृष्ण रामनाथ, कामठी	पं० फर्म	2,59,603
36.	श्री संतोषकुमार, अग्रवाल, तुमसर	व्यष्टि	3,28,765
37.	श्री शंकरराव डी० धनवटे, नागपुर	हि०अ०कु०	1,05,000
38.	स्व० श्रीराम डालुराम द्वारा वि०उ० श्री दुर्गाप्रसाद सराफ, तुमसर ।	व्यष्टि	3,69,975
39.	मे० श्रीराम दुर्गाप्रसाद, तुमसर	हि०अ०कु०	14,46,515
40.	मे० शिवराज फाईन आर्ट लिथो वर्कस, नागपुर ।	हि०अ०कु०	2,11,000
41.	स्व० श्रीमती सुनीदेवी सराफ द्वारा वि० उ० श्री दुर्गाप्रसाद सराफ, तुमसर ।	व्यष्टि	10,32,227
42.	मे० व्ही० डी० सराफ कान्मांडु	हि०अ०कु०	2,60,535
43.	श्री वाय० डी० धनवटे, नागपुर	हि०अ०कु०	1,38,000

[एफ० सं० वसूली (64)/79-80]

डी० सी० अग्रवाल, आय-कर आयुक्त

Office of the commissioner of Income-tax Vidarbha

Nagpur, the 10th November, 1980

S.O. 3345.—Whereas the Central Government is of the opinion that it is necessary and expedient in public interest to publish the names and addresses hereinafter specified relating to the tax defaulters who were in default of payment of tax of Rs. 1 lakhs and above for the period of two years or more at the end of the financial year ending 31-3-1980.

2. And whereas in exercise of the powers conferred by Section 287 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and all other powers enabling it in this behalf the Central Government by its order F. No. 385/63-IT(B) dated 10th August, 1977, authorised and directed Commissioner of Income-tax to publish the names and addresses of such tax defaulters.

3. Now therefore, I ,Commissioner of Income-tax, Vidarbha, Nagpur hereby publish the names and addresses of the defaulters in Vidarbha Charge as on 31-3-1980 relating to the financial year 1979-80.

Sl. No.	Name & Address of the Defaulter	Status	Demand Outstanding 31-3-1980
1	2	3	4
			Rs.
1.	Shri Banwarilal Loiya, Kamptee	HUF	2,11,894
2.	M/s. Bidi & Allied Tobacco Products Co. (Pvt.) Ltd., Kamptee.	Co.	6,99,782
3.	M/s. Bharat Mining and Trading Co. Pvt. Ltd., Vishakhapatnam.	Co.	2,93,609
4.	Shri Bhoormal Agarwal, Tumsar.	Indl.	5,36,889
5.	Shri Chandrakant Mor, Tumsar.	Indl.	8,46,288
6.	Shri Chandrakant Mor, Tumsar.	HUF.	12,26,445
7.	M/s. Central Hindustan Italian Trading Co. (P) Ltd., Nagpur.	Co.	2,85,008
8.	Shri Durgaprasad Saraf, Tumsar.	Indl.	5,20,212
9.	M/s. Dealers & Co. Pvt. Ltd., Jaipur	Co.	5,16,407
10.	Late Shri Fatechand Mor through L/H Shri Ramnarayan Mor, Tumsar.	Indl.	21,17,02
11.	M/s. Gudraughat Mines, Tumsar.	R.F.	2,35,000
12.	Shri Gulabdas Rambilas Agarwal, Nagpur.	Indl.	4,32,055
13.	Shri G.V. Ranade, Nagpur.	Indl.	1,69,515
14.	Shri Hatimbhai, C/o M/s. K.S. M. Hassonjee & Sons, Nagpur.	Indl.	1,57,090
15.	M/s. Jaipuria Brothers, Tumsar.	R.F.	2,00,000
16.	M/s. K.S.M. Hassonjee & Sons, Nagpur.	Indl.	4,89,177
17.	M/s. Loiya Brothers, Kamptee.	R.F.	9,87,953
18.	Late Shri Narsingdas Mor, through Shri Chandrakant Mor, Tumsar.	Indl.	25,75,613
19.	Shri P.B. Mundhada, Nagpur.	Indl.	10,83,949
20.	M/s. R.R. Loiya Sons, Kamptee.	URF.	4,10,395
21.	Shri Radhakishan Loiya Kamptee	HUF	4,31,790
22.	M/s. Ramkrishna Ramnath (HUF), Kamptee.	HUF.	6,58,742
23.	Shri Ramakant Loiya, Kamptee.	HUF.	2,04,960
24.	Shri Ramchandra Motor Transport Co. Pvt. Ltd., Amravati.	Co.	3,46,057
25.	M/s. Rambilas Murlidhar & Balarram Toluram, Tumsar.	R.F.	1,27,357
26.	M/s. R.S. Gopikishan Agarwal (Shippers) Co. Pvt. Ltd., Tumsar.	Co.	15,17,549
27.	Shri Ramkumar Ramgopal Bohra through M/s. R.B. Shriram & Co., Tumsar.	Indl.	2,41,659
28.	M/s. Rambilas Gulabdas, Tumsar.	HUF.	31,22,123
29.	M/s. R.B. Shreeram Religious & Charitable Trust, Tumsar.	Trust	2,05,167
30.	M/s. R.B. Shreeram Durgaprasad Pvt. Ltd., Tumsar.	Co.	2,34,29,049
31.	M/s. Ramkrishna Ramnath Bidi (P.) Ltd., Kamptee.	Co.	5,46,292
32.	M/s. Rameshwardas Ramdas, Jaipur.	Indl.	18,13,242
33.	Shri Ramnarayan Mor, Tumsar.	HUF.	21,37,405
34.	M/s. R.R. Agarwal (P) Ltd., Nagpur.	Co.	1,23,228
35.	M/s. Ramkrishna Ramnath, Kamptee.	R.F.	2,59,603
36.	Shri Santoshkumar Agarwal, Tumsar.	Indl.	3,28,766
37.	Shri Shankarrao D. Dhanwatey, Nagpur.	HUF.	1,05,000
38.	Late Shreeram Doluram through L/H Shri Durgaprasad Saraf, Tumsar.	Indl.	3,69,975 3,69,975
39.	M/s. Shreeram Durgaprasad, Tumsar.	HUF.	14,46,515
40.	M/s. Shivraj Fine Arts Litho Works, Nagpur.	HUF.	2,11,000
41.	Late Smt. Sugnidevi Saraf through L/H. Shri Durgaprasad Saraf, Tumsar.	Indl.	10,32,227
42.	M/s. V.D. Saraf, Kathamandu.	HUF.	2,60,535
43.	Shri Y.D. Dhanwatey, Nagpur.	HUF.	1,38,000

[F. No. Recy. (64)/79-80]

D.C. AGGARWAL, Commissioner of Income-tax

(आयकर आयुक्त का कार्यालय, हरियाणा)

रोहतक 21 नवम्बर, 1980

आयकर

का० आ० 3346.—यत: केन्द्रीय सरकार की राय है कि लोकहित में यह आवश्यक तथा समीचीन है कि ऐसे करदाताओं के नाम तथा उनसे सम्बन्धित अन्य विशिष्टियां प्रकाशित की जाएं, जिन पर वित्तीय वर्ष 1979-80 के दौरान 5,000 रु० से अधिक का जुर्माना लगाया गया था।

और यत: आयकर अधिनियम, (1961 का 43) की धारा 287 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का तथा इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने अपने विनांक 10

अगस्त, 1977 के आदेश द्वारा सभी आयकर आयुक्त को, उनके अधिकार क्षेत्र के भीतर ऐसे करदाताओं के नाम, पते, हैसियत, कर निर्धारण वर्ष तथा लगाए ऐसे जुर्माने का ब्यौरा जिस में करदाताओं से सम्बन्धित जुर्माने की राशि तथा प्रकृति (प्रकार) भी शामिल होगी तथा जिन पर वित्तीय वर्ष 1979-80 के दौरान 5,000 रु० से अन्य का जुर्माना लगाया गया था, प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत किया है ।

अतः अब केन्द्रीय सरकार द्वारा उसके दिनांक 10 अगस्त, 1977 के पूर्वोक्त आदेश द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं इससे संलग्न अनुसूची में पूर्वोक्त करदाताओं के नाम तथा अन्य विशिष्टियों एतद्द्वारा प्रकाशित करता हूं :

अनुसूची

आयकर विभाग, हरियाणा, रोहतक

ऐसे करदाता, जिन पर वित्तीय वर्ष 1979-80 के दौरान आय की विवरणी फाइल न करने के कारण 5,000 रु० से अन्यून का जुर्माना लगाया गया था (i) हैसियत के लिए 'एफ' फर्म के लिए (ii) कर निर्धारण वर्ष के लिए तथा (iii) लगाए गए जुर्माने के लिए है ।

(1) मैसर्स हरियाणा एजेन्सी, फरीदाबाद (i) 'एफ' (ii) 1977-78 (iii) 5,220 रु०

[फा० सं० 418(2)/79-80/मुख्य०]

टी० आर० अग्रवाल, आयकर आयुक्त

(Office of the Commissioner of Income Tax, Haryana)

Rohtak, the 21st November, 1980

INCOME-TAX

S.O. 3346.—Whereas the Central Government is of the opinion that it is necessary and expedient in public interest to publish the names and other particulars relating to assessees on whom penalty of not less than Rs. 5,000 was imposed during the financial year 1979-80.

And whereas in exercise of the powers conferred by section 287 of the Income-tax Act (43 of 1961), and all other powers enabling them in this behalf, the Central Government has by its order dated 10th August, 1977 authorised all Commissioners of Income-tax to publish the names, addresses, status, assessment year and details of penalties levied which would include the amounts and nature of penalties relating to assessees, within their jurisdiction and on whom a penalty of not less than Rs. 5,000 was imposed during the financial year 1979-80.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred on me by the Central Government by its aforesaid order dated 10th August, 1977, I hereby publish in schedule hereto annexed, the names and other particulars of the assessees aforesaid.

SCHEDULE

Income Tax Department, Haryana, Rohtak

Assessees on whom a penalty of not less than Rs. 5,000 was imposed for late filing of return during the financial year 1979-80 (i) is for status 'F' for firm (ii) for assessment year and (iii) for penalty imposed

1. M/s. Haryana Agencies, Faridabad (i) 'F' (ii) 1977-78 (iii) Rs. 5,220.

[F. No. 418(2)/79-80/HQ]

T. R. AGGARWAL, Commissioner of Income-Tax

वाणिज्य, नागरिक आपूर्ति एवं सहकारिता मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 1980

का० आ० 3347—केन्द्रीय सरकार की राय है कि निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि ट्रांसफार्मर निर्यात से पूर्व निरीक्षण के अधीन होंगे ,

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं और वे निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिए हैं ;

अतः, केन्द्रीय सरकार उक्त उप-नियम के अनुसरण में और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 2274 तारीख 9 जुलाई, 1977 को अधिक्रान्त करते हुए उक्त प्रस्ताव को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है ।

2. सूचना दी जाती है कि यदि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई व्यक्ति कोई आक्षेप या सुझाव देना चाहता है तो उन्हें उसे इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, "वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर", 14/1बी०, एजरा स्ट्रीट, कलकत्ता-700003 को भेज सकता है ।

प्रस्ताव

(1) अधिसूचित करना कि ट्रांसफार्मर निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन होंगे ;

(2) इस आदेश के उपाबंध-I में उपवर्णित ट्रांसफार्मर निर्यात (क्वालिटी-नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1980 के प्रारूप के अनुसार निरीक्षण के प्रकार को क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व ऐसे ट्रांसफार्मरों को लागू होगा ;

3. (क) आयातकर्ता या आयातकर्ता का अभिकर्ता या उप ठेकेदारों के संविदात्मक विनिर्देशों को, सुनिश्चित परिचालन विशेषताएं और/या सुनिश्चित यांत्रिक संरचना अनुबंधित करते हुए तथा जहां आवश्यक हो सुनिश्चित सेवा की परिस्थितियों वाले, विशेष उपयोगों को अनुबंधित करते हुए परन्तु यह तब जब कि संविदात्मक विनिर्देशों में सुख्त परामीटर यदि कोई हो नीचे के (ख) या (ग) या (घ) या (ङ) के अनरूप होंगे ,

या

(ख) भारतीय या किसी अन्य राष्ट्रीय मानक विनिर्देश को,

या

(ग) अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग की सिफारिसों को ;

या

(घ) किसी देश के सरकारी विभाग या लोक उपयोगी संस्था द्वारा अनुमोदित विनिर्देशों को,

या

(ङ) किसी यूनिट के तकनीकी सहयोगियों द्वारा अनुरक्षण किए जाने वाले विनिर्देशों को मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना ।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान ऐसे ट्रांसफार्मरों के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उसके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित अभिकरणों में से किसी एक अभिकरण

द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि ट्रांसफार्मरों का परेषण क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण से संबंधित शर्तों को पूरा करता है और निर्यात योग्य है।

3 इस आदेश में "ट्रांसफार्मर" से लगातार चलने वाले पुर्जों से रहित एक ऐसा साधित्र अभिप्रेत है जो एक या अधिक कुण्डलन में प्रत्यावर्ती वोल्टता और धारा का विद्युत् चुम्बकीय प्रेरणा द्वारा सामान्यतः वोल्टता और धारा के विभिन्न मानों पर और एक ही आवृत्ति पर एक या अधिक कुण्डलनों में परिवर्तित कर देता है। इसके अन्तर्गत घरेलू प्रयोजनों और रेडियो दूरसंचार परिपथों में प्रयोग किए गए ट्रांसफार्मर नहीं हैं।

उपाबंध-1

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने के लिए प्रस्तावित नियमों का प्रारूप।

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ —इन नियमों का संक्षिप्त नाम ट्रांसफार्मरों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1980 है।

2. परिभाषाएं—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है;

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कलकत्ता कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित अभिकरणों में से कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है;

(ग) "ट्रांसफार्मर" से लगातार चलने वाले पुर्जों से रहित एक ऐसा साधित्र अभिप्रेत है जो एक या अधिक कुण्डलन से प्रत्यावर्ती वोल्टता और धारा को विद्युत्—चुम्बकीय प्रेरणा द्वारा सामान्यतया वोल्टता एवं धारा के विभिन्न मानों पर और एक ही आवृत्ति पर एक या अधिक कुण्डलनों में परिवर्तित कर देता है। इसके अंतर्गत घरेलू प्रयोजनों और रेडियो दूरसंचार परिपथों में प्रयोग किए गए ट्रांसफार्मर नहीं हैं।

3. क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण :—(1) विनिर्माता ट्रांसफार्मर की क्वालिटी इन नियमों की अनुसूची 1 में संलग्न सारणी में विनिर्दिष्ट विनिर्माण के विभिन्न प्रक्रमों पर नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए सुनिश्चित करेगा।

(2) उप-नियम (1) में वर्णित विनिर्माण के विभिन्न प्रक्रमों पर नियंत्रण निम्नलिखित है :—

(i) क्रय की गई सामग्री और घटकों का नियंत्रण :—

(क) प्रयोग की जाने वाली सामग्री या घटकों के गुणों और सहयताओं सहित उनके सविस्तार विशदों को समाविष्ट करते हुए विनिर्माता क्रय विनिर्देश अधिकथित करेगा।

(ख) प्रदायकर्ता के परीक्षण प्रमाण-पत्र कच्ची सामग्री जैसे कोरशीट, कुण्डलन तार, ट्रांसफार्मरों का तेल और प्रेस बोर्ड के लिए और बुशिंग, आयल टी० सी० पम्प, पंखे, रेडियेटर, उपकरण वारित्र जैसे घटकों के लिए पेश किए जाएंगे। जब कच्ची सामग्री या घटकों के लिए प्रदायकर्ता के परीक्षण प्रमाण-पत्र प्राप्त हो जाते हैं तब प्रदायकर्ता की परीक्षण रिपोर्टों की प्रतिजांच की आवश्यकता नहीं होगी। प्रदायकर्ता की परीक्षण रिपोर्ट न होने की दशा में प्रत्येक परेषण में से नमूनों का क्रय विनिर्देशों से उनकी अनुरूपता की जांच करने के लिए नियमित रूप से परीक्षण किया जाएगा।

(ग) खंड (ख) में वर्णित घटकों से भिन्न आवक घटकों का परीक्षण और निरीक्षण सांख्यिकीय नमूना योजना के विपरीत क्रय विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।

(घ) निरीक्षण या परीक्षण या दोनों किए जाने के पश्चात् दोषों का उचित पृथक्करण और निपटान के लिए व्यवस्थित पद्धति अपनाई जाएगी।

(ङ) विनिर्माता उपरोक्त नियंत्रणों के संबंध में पर्याप्त अभिलेख व्यवस्थित रूप से रखेगा।

(2) प्रक्रिया नियंत्रण

(क) विनिर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए विनिर्माता द्वारा विस्तृत प्रक्रिया विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देशों में अधिकथित प्रक्रिया नियंत्रण के लिए उपस्करों या उपकरण की पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

(ग) विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान प्रयुक्त नियंत्रणों व सत्यापन करने के लिए विनिर्माता पर्याप्त अभिलेख रखेगा।

(3) उत्पाद नियंत्रण :

(क) मानक विनिर्देशों के अनुसार उत्पाद का परीक्षण करने के लिए विनिर्माता के पास या तो स्वयं की परीक्षण सुविधाएं होंगी या उसकी पहुंच वहां तक होगी जहां ऐसी परीक्षण सुविधाएं विद्यमान हैं। विनिर्माता उसके पर्याप्त अभिलेख रखेगा।

(4) मौसम संबंधी नियंत्रण—परीक्षण में प्रयुक्त विद्युत मापी उपकरणों और प्रक्रिया नियंत्रण के लिए प्रयुक्त नाजुक उपकरणों की समय-समय पर जांच की जाएगी या उनका अंशशोधन किया जाएगा और विनिर्माता बुककार्ड के रूप में अभिलेख रखेगा।

(3) निरीक्षण :

निर्यात के लिए आशयित ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण इसके साथ उपाबन्ध अनुसूची 2 तथा अनुसूची 3 के अनुसार परेषण में से नमूने लेकर इस दृष्टि से उनका परीक्षण तथा जांच करने के लिए किया जाएगा कि परेषण अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है।

4 निरीक्षण का आधार —निर्यात के लिए आशयित ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण यह देखने की दृष्टि से कि वे अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य विनिर्देशों के अनुरूप हैं;

या

(क) यह सुनिश्चित करके कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान नियम 3 के उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट क्वालिटी नियंत्रण क्रियों का प्रयोग किया गया है :

या

(ख) नियम 3 के उप-नियम (2) के अनुसार किए गए निरीक्षण के आधार पर :

(ग) या दोनों द्वारा,
किया जाएगा।

5 प्रक्रिया नियंत्रण—(1) ट्रांसफार्मरों के परेषणों का निर्यात करने का इच्छुक निर्यात कर्ता संविदात्मक विनिर्देश के ब्यौरे उपवर्णित करते हुए अभिकरण को लिखित रूप में सूचित करेगा तथा ऐसी सूचना के साथ यह घोषणा भी भेजेगा कि निर्यात के लिए आशयित ट्रांसफार्मरों के परेषण का विनिर्माण नियम 3 में अधिकथित क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग करके किया गया है तथा इस परेषण प्रयोजन के लिए मान्य विनिर्देश की अपेक्षाओं के अनुरूप है। निर्यातकर्ता उसी समय ऐसी सूचना की एक प्रति निर्यात निरीक्षण परिषद् के निकटतम कार्यालय को पृष्ठांकित करेगा। परिषद् के कार्यालयों के पते निम्न प्रकार हैं :—

मुख्य कार्यालय : निर्यात निरीक्षण परिषद्,
'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर,
14/1बी० एज़रा स्ट्रीट, 8वीं मंजिल,
कलकत्ता-700001

प्रादेशिक कार्यालय : निर्यात निरीक्षण परिषद्,
'अमन चैम्बर्स' 5 वी मंजिल,
113, महर्षि कार्वे रोड,
मुम्बई-400004
निर्यात निरीक्षण परिषद्,
मनोहर बिल्डिंग,
महात्मा गांधी रोड,
एर्नाकुलम
कोचीन-682011
निर्यात निरीक्षण परिषद्,
म्युनिसिपल मार्केट बिल्डिंग,
5वीं मंजिल, 3, सरस्वती मार्ग,
करोल बाग, नयी दिल्ली-110005

(2) निर्यातकर्ता अधिकरण को प्ररेषण पर लगाए गए पहचान चिन्ह भी देगा।

(3) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना और घोषणा विनिर्माता के परिसर के परेषण के भेजे जाने से कम से कम दस दिन पहले अभिकरण के कार्यालय में और निर्यात निरीक्षण परिषद् के पास पहुंच जाए।

(4) नियम (3) के अधीन सूचना और घोषणा प्राप्त होने पर,

(1) अधिकरण अपना यह समाधान कर लेने पर कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान नियम 3 में उपबंधित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग किया गया है तथा इस संबंध में निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा जारी किए गए कोई अनुदेशों का, यदि कोई हों, पालन किया गया है। अभिकरण की परेषण की मान्य विनिर्देश से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए इससे उपाबद्ध अनुसूची 2 के अनुसार नमूने लेकर ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण करेगा तथा निर्यातकर्ता अभिकरण को ऐसा निरीक्षण करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं देगा: उपलब्ध करेगा;

(2) जब अभिकरण का यह समाधान हो जाता है कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान नियम 3 में उपबंधित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग नहीं किया गया है तो अभिकरण नियम 4 के उपखंड (ख) के उपबंधों के और मान्य विनिर्देश से परेषण की अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए इस संबंध में निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा जारी किए गए अनुदेशों को यदि कोई हों, के अनुसार निरीक्षण करेगा।

(5) निरीक्षण के पूरा होने के पश्चात्, अभिकरण ट्रांसफार्मरों की प्रत्येक रेटिंग प्लेट पर ट्रांसफार्मरों के परेषण संबंधी अनुमोदन को तत्काल पंच कर देगा। जब लकड़ी के बक्सों में पैक हो तब बक्सों को यह सुनिश्चित करने के लिए मोहरबंद किया जाएगा कि माल के साथ छेड़छाड़ न की जा सके। परेषण के अस्वीकार किए जाने की दशा में, यदि निर्यातकर्ता ऐसा चाहे तो परेषण अभिकरण द्वारा पंच या मोहर बंद नहीं किया जाएगा। किन्तु ऐसे मामलों में निर्यातकर्ता अस्वीकृति के विरुद्ध अपील करने का हकदार नहीं होगा।

(6) जब अभिकरण का यह समाधान हो जाता है कि ट्रांसफार्मरों का परेषण मान्य विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है तो वह निरीक्षण के पूरा होने के पश्चात् तीन दिन के भीतर यह घोषित करते हुए निर्यातकर्ता को एक प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि परेषण इस संबंध में क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण संबंधी शर्तों को पूरा करता है और निर्यात योग्य है:

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार समाधान नहीं होता है तो वहां वह उक्त तीन दिन की अवधि के भीतर ऐसा प्रमाण-पत्र जारी करने से इन्कार कर देगा तथा ऐसे इन्कार किए जाने की सूचना इसके कारणों सहित निर्यातकर्ता को देगा।

6. निरीक्षण का स्थान—इन नियमों के प्रयोजनों के लिए ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण—

(क) विनिर्माता के परिसर पर किया जाएगा;

या

(ख) उस परिसर पर किया जाएगा जहां निर्यातकर्ता ट्रांसफार्मरों का परेषण निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करता है, परन्तु यह तब तक कि वहां निरीक्षण और परीक्षण के प्रयोजन के लिए पर्याप्त सुविधाएं विद्यमान हों।

7. निरीक्षण फीस :—

(1) यदि निरीक्षण नियम 4(क) के आधार पर किया जाता है तो फीस प्रत्येक परेषण के लिए न्यूनतम एक सौ रुपए के अधीन रहते हुए पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.3% की दर से ली जाएगी;

(2) यदि निरीक्षण नियम 4(ख) के आधार पर किया जाता है तो फीस प्रत्येक परेषण के लिए न्यूनतम एक सौ रुपए के अधीन रहते हुए पोतपर्यन्त मूल्य के 0.5% की दर से ले ली जाएगी।

8. अपील—(1) नियम 5 के उपनियम (6) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाणपत्र जारी करने से इन्कार किए जाने से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इन्कार की सूचना प्राप्त होने के दस दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त कम से कम तीन और अधिक से अधिक सात व्यक्तियों के अपीलीय पैनल को अपील कर सकेगा।

(2) पैनल की कुल सदस्यता के कम से कम दो-तिहाई सदस्य गैर-सरकारी होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन से होगी।

(4) अपील प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर निपटा दी जाएगी।

अनुसूची-1

सारणी

नियंत्रण के स्तर

(नियम 3 देखिए)

क्र० सं०	निरीक्षण/परीक्षण की विशिष्टियां	अपेक्षाएं	नमूने का आकार	लॉट आकार
1	2	3	4	5
I	खरीदी गई सामग्री और संघटक			
	(क) चाक्षुष निरीक्षण (कारीगरी तथा फिनिश सहित)	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त प्रत्येक मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्राप्त किया प्रत्येक परेषण	

1	2	3	4	5
	(ख) सहायता सहित विभाए	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार	प्रत्येक	प्राप्त हुआ प्रत्येक परेषण
	(i) क्रांतिक			
	(ii) अन्य	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार	ए०क्यू०एल० मानक के आधार पर निश्चित किया जाना है।	प्राप्त हुआ प्रत्येक परेषण
	(ग) कोई अन्य अपेक्षा	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार	—यथोक्त—	प्राप्त हुआ प्रत्येक परेषण
II	पूर्ण समुच्चय			
	(क) कुण्डलन प्रतिरोधक के माप	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार।	प्रत्येक	—
	(ख) अनुपात, ध्रुवीयता तथा फज सबध	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार।	प्रत्येक	—
	(ग) प्रतिबाधा वोल्टता	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार।	प्रत्येक	—
	(घ) लोड हानि	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार।	प्रत्येक	—
	(ङ) शून्य लोड हानि तथा शून्य लोड धारा	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार।	प्रत्येक	—
	(च) विद्युत रोधन प्रतिरोध	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार	प्रत्येक	—
	(छ) अति वोल्टता प्रेरित करने पर परीक्षण सहायता।	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार।	प्रत्येक	—
	(ज) अलग स्रोत से आने वाली वोल्टता की परीक्षण सहायता	इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशो के अनुसार।	प्रत्येक	—
	(झ) तापवृद्धि की जाच (ञ) आवेग वोल्टता की परीक्षण सहायता (ट) अन्य कोई परीक्षण	यदि उपभोक्ता द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए	—	—

अनुसूची 2

अनुमोदित यूनिट की दशा में अनुरूपता का नमूना और मानदंड

[नियम 5(4)(1) देखिए]

सारणी 1

क्र०स०	विशिष्टियां	लॉट का आकार	परीक्षण किए जाने वाले नमूनो की सख्या
1	2	3	4
1	चाक्षुण जाच (बाहरीय)	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	100 प्रतिशत
2	कुण्डलन प्रतिरोधक के माप	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम सं० 1 तथा अधिकतम सं० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।
3	अनुपात ध्रुवीयता तथा फेज सबध	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम सं० 1 तथा अधिकतम सं० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।
4.	प्रतिबाधा वोल्टता	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम सं० 1 तथा अधिकतम म० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।
5.	लोड हानि	उसी अकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम स० 1 तथा अधिकतम स० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।

1	2	3	4
6	लोड हानि तथा शून्य लोड धारा	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम संख्या 1 तथा अधिकतम सं० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।
7	विद्युत रोधन प्रतिरोध	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम संख्या 1 तथा अधिकतम सं० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।
8	अति वोल्टता प्रेरित करने पर परीक्षण सह्यता	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम सं० 1 तथा अधिकतम सं० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।
9	अलग स्रोत से आने वाली वोल्टता की परीक्षण सह्यता	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	न्यूनतम सं० 1 तथा अधिकतम सं० 3 के अधीन लॉट का 10 प्रतिशत।
10	ताप वृद्धि परीक्षण	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	सं० 1
11	आवेग वोल्टता की परीक्षण सह्यता	जैसा उपभोक्ता द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए	
12	अन्य कोई परीक्षण		

अनुसूची 2

परेषण के अनुसार निरीक्षण की दशा में अनुरूपता का नमूना तथा मानदंड

[नियम 5(4)(2) देखिए]

सारणी 2

क्र०सं०	गुणधर्म	लॉट आकार	जांच किए जाने वाले नमूनों की सं०
1	चाक्षुण जांच (बाह्य)	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	100 प्रतिशत
2	कुण्डलन प्रतिरोधक के माप	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
3	अनुपात, ध्रुवीयता तथा फेज	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
4	प्रतिबाधा वोल्टता	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
5	लोड हानि	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
6	शून्य लोड के समय हानि तथा शून्य लोड के समय धारा	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
7	विद्युत रोधन प्रतिरोध	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
8	अतिवोल्टता प्रेरित करने पर परीक्षण सह्यता	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
9	अलग स्रोत से आने वाली वोल्टता का परीक्षण सह्यता	उसी आकार तथा रेटिंग के ट्रांसफार्मर	नमूना सारणी III के अनुसार
